बिहार सरकार

**बिहार सरकार,**
**बिहारराज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण**
**(आपदा प्रबंधन विभाग)**
पंतभवन, द्वितीय तल, पटना–1

# निबंध एवं नारा लेखन प्रतियोगिता– 2016 संबंधी सूचना

दिनांक 06.11.2007 को स्थापित बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के स्थापना दिवस के अवसर पर विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी आपदा जोखिम न्यूनीकरण (Disaster Risk Reduction) विषय को विद्यार्थियों एवं सामान्य नागरिकों के बीच लोकप्रिय बनाने एवं जन–जागरूकता के लिए तथा जन साधारण में आपदा मित्र की भावना विकसित करने हेतु हिन्दी में निबंध एवं नारा लेखन प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में बिहार राज्य के सामान्य नागरिक एवं स्कूल के विद्यार्थियों भाग ले सकेगें।

**1. कक्षा 6–8 के विद्यार्थियों के लिए केवल हिन्दी में आयोजित निबंध प्रतियोगिता हेतु शीर्षक (शब्द सीमाः 1000–1500)–**

**(1). ''पेड़–पौधे मत करो नष्ट, साँस लेने में होगा कष्ट''**

इस श्रेणी में तीन पुरस्कार निम्न प्रकार दिये जायेंगे–

| भाषा | प्रथम पुरस्कार | द्वितीय पुरस्कार | तृतीय पुरस्कार |
|---|---|---|---|
| हिन्दी | 7,000 | 6,000 | 5,000 |

**2. कक्षा 9–12 के विद्यार्थियों के लिए हिन्दी निबंध प्रतियोगिता का शीर्षक (शब्द सीमाः 1500–2000)**

**(1). ''मेरा शहर साफ हो, इसमें हम सबका हाथ हो''**

इस श्रेणी में तीन पुरस्कार निम्न प्रकार दिये जायेंगे–

| भाषा | प्रथम पुरस्कार | द्वितीय पुरस्कार | तृतीय पुरस्कार |
|---|---|---|---|
| हिन्दी | 7,000 | 6,000 | 5,000 |

**3. सामान्य नागरिकों के लिए हिन्दी निबंध हेतु शीर्षक (शब्द सीमाः 2500–3000)–**

**1. ''जल तो है सोना, इसे कभी मत खोना''**

इस श्रेणी में तीन पुरस्कार निम्न प्रकार दिये जायेंगे–

| भाषा | प्रथम पुरस्कार | द्वितीय पुरस्कार | तृतीय पुरस्कार |
|---|---|---|---|
| हिन्दी | 15,000 | 10,000 | 5,000 |

**4. ''ग्लोबल वार्मिंग'' विषय पर नारा लेखन प्रतियागिता (अधिकतम 15 शब्दों में) सभी नागरिकों के लिए समान रूप से लागू–**

इस खण्ड में पाँच पुरस्कार निम्न प्रकार दिये जायेंगे–

| भाषा | प्रथम पुरस्कार | द्वितीय पुरस्कार | तृतीय पुरस्कार | चतुर्थ पुरस्कार | पंचम पुरस्कार |
|---|---|---|---|---|---|
| हिन्दी | 7,000 | 6,000 | 5,000 | 4,000 | 3,000 |

**5. प्रतियोगिता के लिए शर्त्ते एवं अन्य नियम–**

**शर्त्ते**

(i) **प्रविष्टियाँ (entries) हिन्दी में हस्तलिखित होंगी। कम्प्यूटर द्वारा या अन्यथा टाईप की गयी प्रविष्टियाँ (entries) मान्य नही होंगी ।**

(ii) निबंध अथवा नारा लेखन मौलिक विचारों को दर्शाने वाला होना चाहिए ।

(iii) नारा की प्रविष्टि (entry) एक से अधिक नहीं होनी चाहिए अन्यथा अमान्य कर दी जायेगी।

(iv) निबंध प्रत्येक पृष्ट के एक ही तरफ हस्तलिखित होना चाहिए। दोनों तरफ लिखित प्रविष्टियाँ (entries) अमान्य कर दी जायेगी । प्रत्येक **पृष्ट पर हाशिए छोड़कर लिखा जाना आवश्यक होगा ।**

(v) व्याकरण की अशुद्धियों पर अंक की कटौती एवं मौलिक रचना को प्राथमिकता दी जायेगी।

(vi) किसी भी परिस्थिति में निबंध अथवा नारा लेखन की प्रविष्टि (entry) पर प्रतियोगी का नाम अथवा पता इत्यादि नहीं लिखा होना चाहिए अन्यथा प्रविष्टियाँ अयोग्य घोषित कर दी जायेंगी। **निबंध अथवा नारा की प्रविष्टि (entry) के अतिरिक्त एक अलग पन्ने पर अपना नाम, मोबाईल नंम्बर, स्कूल का नाम, कक्षा, पता इत्यादि दिया जा सकता है।**

(vii) सभी प्रविष्टियों (entries) के साथ अलग लिफाफे में प्रतियोगी का नाम, पिता अथवा माताका नाम (विद्यार्थियों के मामले में विद्यालय का नाम एवं कक्षा), पूरा पता स्पष्ट रूप से हिन्दी अथवा अंग्रेजी में बड़े अक्षरों में (Block Letters) अंकित होना चाहिए। **टेलीफोन/ मोबाईल/ ई–मेल पता भी आवश्यक रूप से स्पष्ट लिखा होना चाहिए ।** इस के अभाव में प्रविष्टियों (entries) को अयोग्य माना जायेगा ।

(viii) नियत तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त प्रविष्टियों (entries) पर विचार नहीं किया जायेगा।

(ix) स्कूल अथवा संस्थाओं द्वारा एक पैकेट में कई प्रविष्टियाँ (entries) भेज दी जाती है जो गलत है। प्रविष्टियाँ (entries) प्रत्येक व्यक्ति/विद्यार्थी की अलग–अलग आनी चाहिए अन्यथा सारी प्रविष्टियों (entries) अमान्य कर दिया जायेगा।

(x ) इस प्रतियोगिता में प्राधिकरण के पदाधिकारी/कर्मचारी न तो स्वयं और न ही उनके अपने परिवार के सदस्य भाग ले सकेंगे ।

(xi) सभी प्रविष्टियाँ (entries) प्राधिकरण की सम्पत्ति होगी जिन्हें लौटाया नहीं जायेगा और नही इस संबंध में कोई पत्राचार स्वीकार्य होगा।

(xii) प्राधिकरण द्वारा गठित चयन समिति निबंध एवं नारा लेखन के पुरस्कार विजेताओं का चयन करेगी तथा समिति का निर्णय अंतिम माना जायेगा। इस संबंध में पत्राचार मान्य नहीं होगा। प्रविष्टियाँ (entries) तीन माह तक ही कार्यालय में संरक्षित रहेगी। इसके पश्चात इसका निष्पादन (disposal) कर दिया जायेगा।

(xiii) प्रतियोगिता संबंधी सूचना बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के वेबसाईट (www.bsdma.org)/ पंत भवन, पटना स्थित प्राधिकरण कार्यालय तथा सभी जिला समाहरणालय के अन्तर्गत जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय में उपलब्ध होगा ।

(xiv) प्रविष्टियों को निम्न पते पर स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक/कोरियर से भेजा जा सकता है (लिफाफा पर प्रतियोगिता का शीर्षक एवं श्रेणी (Category) स्पष्ट रूप से बड़े अक्षरों में लिखा होना चाहिए)–

**सचिव,**
बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण,
पंत भवन, द्वितीय तल, बेली रोड, पटना– 800001
दूरभाष सं0– 0612–2522032

(xv) चयनित पतिभागियों का नाम एवं पता प्राधिकरण के वेबसाईट पर यथासंभव अगस्त माह 2016 में प्रदर्शित कर दिया जायेगा ।

(xvi) प्रविष्टियों (entries) के प्राधिकरण कार्यालय में प्राप्त होने की अंतिम तिथि एवं समय 08.07. 2016 को 5.00 बजे अपराह्न तक ही होगा। इसके पश्चात प्राप्त प्रविष्टियों पर विचार किसी भी परिस्थिति में नहीं किया जायेगा ।

**सचिव,**
**बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पटना**

पी.आर.-2167 (नि.नि.) 16-17

**काम करने के एवज में सरकारी सेवक वेतन पाते हैं ...... घूस नहीं**